कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / प्रेसनोट / 2024 / 42 दिनांक : 21 / 05 / 2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाषनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोट :

कृषि विश्वविद्यालय को मिला आई.एस.ओ. 14001:2015 प्रमाण पत्र

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्‍वविद्यालय, ग्वालियर में आज कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला को आई.एस.ओ. 14001:2015 सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह आई.एस.ओ. प्रमाण पत्र प्रदान करने के पूर्व विश्वविद्यालय की प्रबंधन व्यवस्था व स्वच्छता को भलीभांति पूर्ण जाँचने के तत्पश्चात पाया गया कि विश्वविद्यालय यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने के योग्य है। ओमवती सर्टिफिकेशन के संचालक मनोज कुमार व सीनियर मार्केटिंग मैनेजर विनोद सिंह कुशवाह द्वारा यह प्रमाण पत्र सौंपा गया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. मृदुला बिल्लौरे, कुलसचिव / लेखा नियंत्रक श्री अनिल सक्सेना, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी.सिंह, निदेशक शिक्षण एवं छात्र कल्याण डॉ. एन.एस. भदौरिया भी उपस्थित रहें।